# वार्षिक आख्या : सत्र 2023–24

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में दो इकाई कार्यरत है। दोनों इकाईयों के अन्तर्गत 163 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रत्येक इकाई द्वारा समय–समय पर पर्यावरण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सत्र 2023–24 में डॉ0 राजेश कुमार, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकार (यूनिट E) डॉ0 तनुजा मौर्य, कार्यक्रम अधिकारी (यूनिट D) कार्यरत हैं।

Tanuja Maurya

(डॉ0 द[illegible] सिंह)
प्राचार्य
प्र0ब0 राज0 स्ना0 महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

Scanned with OKEN Scanner








राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत लोक पर्व हरेला दिवस दिनांक 17/07/2023

Scanned with OKEN Scanner

# लोक पर्व हरेला दिवस दिनांक 17 जुलाई 2023

आज दिनांक 17 जुलाई 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ0 सीता राम नैथानी के निर्देशन में हरेला पर्व का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने हरेला पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि उत्तराखण्ड का यह पर्व प्रकृति को समर्पित है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अंजना फरर्स्वाण ने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी देवभूमि को हरा – भरा रहखेंगें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड का लोकपर्व हरेला को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति का संरक्षण करने से है। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। वृक्ष सदैव से परोपकार करते आए हैं। " परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः, छायामन्यस्य कुर्वन्तितिष्ठान्ति स्वयमातपे। फलान्यपि परार्थाय वृक्षाः सत्पुषाईव। अतः हम भी इस प्रकार वृक्षों से यह गुण सीख सकते है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर परिसर में आम, अमरूद, नींबू, तेजपत्ता, मोरपंखी आदि प्रजाति के फलदार छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 ममता शर्मा, डॉ0 विष्णु कुमार शर्मा, डॉ0 मनीषा सिंह के साथ–साथ महाविद्यालय के कर्मचारी दीपक सेमवाल, भानू प्रताप सिंह, किशन नेगी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner












राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत माटी को नमन व वीरों को बन्दन दिनांक 09/08/2023

Scanned with OKEN Scanner

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम दिनांक 09 अगस्त 2023

आज दिनांक 09 अगस्त 2023 को भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के अन्तर्गत ''माटी को नमन वीरों का बंदन'' का आरंभ महाविद्यालय में झंडारोहण तथा पंच प्रण प्रतिज्ञा लेकर किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में आए हुय कारगिल शहीद हवलदार राम सिंह बुटोला की पत्नी वीरांगना हुम्मा देवी ग्राम – जखन्याल अगस्त्यमुनि रूद्रप्रयाग व शहीद लान्स नायक रणजीत सिंह नेगी की पत्नी वीरांगना देवेश्वरी देवी ग्राम बनियाड़ी, अगस्त्यमुनि रूद्रप्रयाग को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी जी द्वारा ''माटी के नमन वीरों का वंदन'' विषय पर व्याख्यान दिया गया। राजनीति विज्ञान प्रभारी डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट द्वारा मेरी माटी मेरा देश विषय के लक्ष्य व आन्दोलन की विस्तृत जानकारी दी।विभाग के ही प्राध्यापक श्री संदीप शर्मा जी के द्वारा व्याख्यान देते हुए कहा गया कि हमें अपनी ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करना चाहिए। हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 शशि बाला पंवार के द्वारा स्वरचित कविता मेरी माटी का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अंजना फर्स्वाण द्वारा किया गया। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा अमृत कलश यात्रा विषय पर चर्चा की गई और कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 पूनम भूषण, डॉ0 ममता शर्मा, डॉ0 निधि छाबड़ा, डॉ0 जितेन्द्र सिंह , डॉ0 सुधीर पेटवाल, श्रीमती चन्द्रकला नेगी, सुश्री कनिका बड़वाल और स्वयं सेवी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner










राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता दिनांक10 /08/2023

Scanned with OKEN Scanner

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम दिनांक 10 अगस्त 2023

आज दिनांक 10 अगस्त 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान मेघा पुत्री श्री विनोद लाल कक्षा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान रोहित बैरवाण पुत्र श्री जगदीश बैरवाण कक्षा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से लक्की पुत्री श्री दिनेश चन्द्र व सिमरन पुत्री श्री धनवीर कक्षा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका कनिका बड़वाल और एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अंजना फर्स्वाण द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र– छात्राएं व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner











राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता दिनांक 11/08/2023

Scanned with OKEN Scanner

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम दिनांक 11 अगस्त 2023

आज दिनांक 11 अगस्त 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी द्वारा शुभ कामनायें दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित भट्ट, कक्षा बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान अनुराज शाह कक्षा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर व तृतीय स्थान दिव्यांशी बैरवाण कक्षा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 पूनम भूषण और अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 दुर्गेश नौटियाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अंजना फर्स्वाण और एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवी व अन्य छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner
















राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस
दिनांक 22/08/2023

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिनांक 22 अगस्त 2023

आज दिनांक 22 अगस्त 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एल्वेंडाजॉल की दवाई दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक श्री मुकेश बगवाड़ी जी द्वारा छात्र–छात्राओं को निक्षय योजना से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्पोर्टिंग फिटनेस का आयोजन दिनांक 28/08/2023

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्पोर्टिंग फिटनेस का आयोजन

## दिनांक 28 अगस्त 2023

आज दिनांक 28 अगस्त 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्म दिवस पर ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर ''स्पोर्टिंग फिटनेस'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ ''फिट इंडिया प्रतिज्ञा'' लेकर हुआ। तदोपरान्त दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी जी द्वारा छात्र–छात्राओं को खेल दिवस की शुभकानाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा खेल के महत्व को समझाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ0 शिव प्रसाद पुरोहित, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 संदीप शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य एवं महाविद्यालय के अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

Scanned with OKEN Scanner

गढ़ निनाद
जन जन की आवाज



# छात्र-छात्राओं को "हिमालय प्रतिज्ञा" दिलाई

8 September 2023

उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत




Please click to share News

रुद्रप्रयाग 8 सितम्बर। अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में "हिमालय बचाओ अभियान" के तहत आज दिनांक 08/09/2023 को छात्र-छात्राओं को "हिमालय प्रतिज्ञा"दिलाई गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीताराम नैथानी द्वारा छात्र-छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ने के लिए अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. ममता भट्ट,श्री दीपक सेमवाल, एन0एस0एस0 स्वयंसेवी व अन्य छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा किया गया।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में हिमालय प्रतिज्ञा दिनांक 08/09/2023

# हिमालय बचाओं अभियान

आज दिनांक 08 सितम्बर 2023 को प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''हिमालय बचाओ अभियान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वयंसेवियों को ''हिमालय प्रतिज्ञा'' दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी द्वारा स्वयंसेवियों को हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ने के लिए अभिप्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजेश कुमार, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 ममता भट्ट, श्री दीपक सेमवाल एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner







*Forwarded*



अगस्त्यमुनि महाविद्यालय में
आयोजित हुआ रक्तदान शिवि...
अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्...
www.uttarnari.com

गस्त्यमुनि महाविद्यालय में आयोजित
आ रक्तदान शिविर, स्वच्छता की दिलाई
तेज्ञा
:tps://www.uttarnari.com
:023/09/blood-donation-camp
rganized-in-agastyamuni
ollege-pledge-of-cleanliness
dministered.html 12:27 PM




*राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 17/09/2023*

Scanned with OKEN Scanner

# रक्तदान शिविर दिनांक 17 सितम्बर 2023

आज दिनांक 17 सितम्बर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर–रेंजर और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरूणा बेंजवाल ने रक्तदान शिविर के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान की आवश्यकता और आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा की जानकारी दी साथ ही स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी ने रक्तदान रजिस्ट्रेशन लिंक के विषय में अवगत कराया। एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा स्वयंसेवियों को रक्तदान शिविर के आयोजन के उद्‌देश्य तथा रक्तदान की उपयोगिता व आवश्यकता विषय में जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग से डॉ0 मनीष कुमार , श्री पंकज वर्मा व उपेन्द्र जगवाण द्वारा छात्र–छात्राओं का ब्लड ग्रुप चेक किया गया और रक्तदान रजिस्ट्रेशन लिंक पर पंजीकरण किया गया, साथ ही डॉ0 सुधीर पेटवाल द्वारा रक्तदान किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा कु0 साइना रावत व कु0 सानिया ने भी रक्तदान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 एल0डी0 गार्ग्य रोवर–रेंजर अधिकारी डॉ0 अखिलेश्वर कुमार द्विवेदी, डॉ0 चन्द्रकला नेगी, रेडकास संयोजक डॉ0 अंजना फर्स्वाण, डॉ0 कनिका बड़वाल, श्री जयवर्द्धन चौहान, श्रीमती शर्मिला देवी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner






## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में किया गया एक दिवसीय शिविर का आयोजन





राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय शिविर
दिनांक 24/09/2023

# एक दिवसीय शिविर–दिनांक 24 सितम्बर 2023

आज दिनांक 24 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजना किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय में वृहद् रूप से स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण, खेल का मैदान, कैन्टीन की सफाई के साथ गाजर घास उन्मूलन कार्य भी किया गया। तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वयंसेवियों में राष्ट्रीय सेवा की भावना और समाज कल्याण की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी न केवल एन0एस0एस0 में प्रतिभाग करके समाज कल्याण के कार्यों को करता है अपितु शिविर में होने वाले बौद्धिक सत्रों के द्वारा और विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा स्वयं के चरित्र का विकास भी करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने एक दिवसीय शिविर करने का उद्देश्य और गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड़ में स्वयंसेवियों की भागीदारी के विषय में अवगत कराया।

"उत्तराखण्ड की लोक परम्पराएं" विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में आमंत्रित डॉ0 कनिका बड़वाल ने स्वयंसेवियों को उत्तराखण्ड की लोक परम्पराएं विषय पर विस्तार से अवगत कराया साथ ही स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्यों जैसे– कोरोना काल में आपदाओं के समय दी गई सेवाओं से अवगत कराया। उन्होनें बताया कि स्वयंसेवियों को शिविर के कार्यों के साथ–साथ भारत सरकार के कार्यक्रमों में भी कार्य करना होता है उन्होंने एन0एस0एस0 सर्टिफिकेट के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर स्वयंसेवियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया स्वयंसेवियों द्वारा लोकगीत गाए गये। उत्तराखण्ड की लोक परम्पराएं विषय पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु0 सृष्टि बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर, अनुराग बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर, गणेश बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य के द्वारा किया गया। उनके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास और विकास, उद्देश्य एवं लक्ष्य ध्येय वाक्य " स्वयं से पहले आप" राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह एवं बैज के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। पूर्व स्वयंसेवी नितिन नेगी ने एन0एस0एस0 शिविर के अनुभव को स्वयंसेवियों के साथ सांझा किया। इसके बाद स्वयंसेवियों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य श्री संदीप कुमार, श्रीमती शर्मिला देवी, श्री जयवर्द्धन चौहान एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner















राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन
दिनांक 01/10/2023

Scanned with OKEN Scanner

# स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम दिनांक 01 अक्टूबर 2023

आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स–रेंजर्स और नगर पंचायत अगस्त्यमुनि के संयुक्त तत्वाधान में एक घण्टे का स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का प्रारम्भ "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के प्रारम्भ में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अखिलेश्वर कुमार द्विवेदी द्वारा पंच प्रण प्रतिज्ञा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही उनके द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने स्वयंसेवियों को महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 ममता शर्मा, डॉ0 विष्णु कुमार शर्मा, डॉ0 सुधीर पेटवाल, डॉ0 दीप्ति राणा, समिति के सदस्य श्री दीपक सेमवाल, सभासद श्री भूपेन्द्र सिंह राणा, नगर पंचायल अगस्त्यमुनि से श्री बृजमोहन सिंह विष्ट एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner




# महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का किया गया आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि। अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। अमृत कलश यात्रा का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ अंजना फर्स्वाण द्वारा कलश में मिट्टी और अक्षत डालकर किया गया। एन०एस०एस० वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मेरा माटी मेरा देश' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति की भावना का विकास करना है। स्वयंसेवी अनुराग द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुजा मौर्य द्वारा किया गया साथ ही वीर शहीदों को स्मरण करते हुए अमृत कलश यात्रा का महत्व व उद्देश्य बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ धीरेंद्र प्रसाद, डॉ ममता भट्ट, डॉ दुर्गेश नौटियाल, डॉ संदीप शर्मा, कर्मचारी श्रीमती शर्मिला देवी, स्वयं सेवी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

*राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा दिनांक 13/10/2023*

Scanned with OKEN Scanner

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन

आज दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अंजना फर्स्वाण के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अंजना फर्स्वाण द्वारा कलश में मिट्टी और अक्षत डालकर किया गया। इसके पश्चात् वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि " मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति की भावना का विकास करना है।

स्वयंसेवी अनुराग द्वारा " मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया साथ ही उनके द्वारा वीर शहीदों की स्मरण करते हुए अमृत कलश यात्रा का महत्व व उद्देश्य बताया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 जितेन्द्र सिंह, डॉ0 वीरेन्द्र प्रसाद, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 दुर्गेश नौटियाल, डॉ0 संदीप शर्मा, श्रीमती शर्मिला देवी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में किया गया

## स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 3.0 प्रारंभ

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि।** अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आज स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 3.0 प्रारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ अंजना फर्स्वाण के निर्देशन में एन०एस०एस० इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया साथ ही स्वच्छता की शपथ भी ली गई। परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा गाजर घास और झाड़ियों का उन्मूलन किया गया साथ ही प्लास्टिक कूड़े को इकट्ठा किया गया। इस अवसर पर एन०एस०एस० वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार और एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुजा मौर्य ,राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ कनिका बड़वाल,



कर्मचारी श्रीमती शर्मिला देवी और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वच्छता के लिये विशेष अभियान 3.0 दि0 18/10/2023

Scanned with OKEN Scanner

# स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 3.0

आज दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अंजना फर्स्वाण के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया।

इसके अन्तर्गत सर्वप्रथम स्वंयसेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात् महाविद्यालय परिसर की सफाई व विज्ञान संकाय भवन के पीछे वाले मैदान में गाजर घास और झाड़ियों का उन्मूलन किया गया साथ ही प्लास्टिक कूड़े को इकट्ठा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य, डॉ0 कनिका बड़वाल, श्रीमती शर्मिला देवी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर किया गया राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि।** अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता विषय" पर भाषण प्रतियोगिता एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सीताराम नैथानी के उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर एन०एस०एस० वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार द्वारा राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ संदीप शर्मा द्वारा निभाई गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अनुज नेगी बीए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रियांशी बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।





मेंहदी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ पुनम भूषण द्वारा निभाई गई। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मेघा बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान निकिता बीए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान दिया बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुजा मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ ममता भट्ट, डॉ मनीषा सिंह, डॉ कनिका बड़वाल, डॉ शशिबाला पंवार, डॉ मनीषा दोभाल, डॉ चन्द्रकला नेगी, डॉ दुर्गेश नौटियाल, श्रीमती दीपिका कुंवर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता दिवस दि0 31/10/2023

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय एकता दिवस दिनांक 31 अक्टूबर 2023

आज दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी के उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर एन0एस0एस0 वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा दिलाई गई । भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ0 संदीप शर्मा द्वारा निभाई गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु0 प्रतिभा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अनुज नेगी बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान कु0 प्रियांशी बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

मेंहदी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ0 पूनम भूषण द्वारा निभाई गई। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु0 मेघा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान कु0 निकिता बी0ए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान कु0 दिया बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तुनजा मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी व अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# एनएसएस द्वारा किया गया एक दिवसीय शिविर का आयोजन




**बुलन्द वाणी/संजय राजपूत**

**रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि।** अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आज 'राज्य स्थापना दिवस' के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य डॉ सीताराम नैथानी ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के लिए यह स्वर्णिम दिवस है। देवभूमि प्राकृतिक संपदा और नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर प्रदेश है। जिस उद्देश्य से राज्य की स्थापना की गई है उस पर ध्यान केंद्रित करना हम सब का परम दायित्व है। इसके उपरांत स्वयंसेवियों के द्वारा खेल के मैदान व महाविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन एन०एस०एस० वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ ममता शर्मा, क्रीड़ा प्रभारी डॉ शिव प्रसाद पुरोहित, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ ममता भट्ट, डॉ दीपिका राणा, डॉ दीपक पटेल, श्री जितेंद्र सिंह रावत, श्री दीपक सेमवाल, श्रीमती शर्मिला देवी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय शिविर दि0 09/11/2023

Scanned with OKEN Scanner

# राज्य स्थापना दिवस दिनांक 09 नवम्बर 2023

आज दिनांक 09 नवम्बर 2023 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी ने कहा कि उत्तराखण्डवासियों के लिए यह स्वर्णिम दिवस है। देवभूमि प्राकृतिक संपदा और नैसर्गिग सौंदर्य से भरपूर प्रदेश है। जिस उद्देश्य से राज्य की स्थापना की गई है उस पर ध्यान केंद्रित करना हम सब का परम दायित्व है। उसके उपरान्त स्वंयसेवियों के द्वारा खेल के मैदान व महाविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 ममता शर्मा, क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 शिव प्रसाद पुरोहित, डॉ0 जितेन्द्र सिंह, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 दीप्ति राणा, डॉ0 दीपक पटेल, श्री जितेन्द्र सिंह रावत, श्री दीपक सेमवाल, श्रीमती शर्मिला देवी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner



## विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन






राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय शिविर दि0 01/12/2023

Scanned with OKEN Scanner

# विश्व एड्स दिवस दिनांक 01 दिसम्बर 2023

आज दिनांक 01 दिसम्बर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी के वक्तव्य से हुआ उन्होने एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए समाज में अधिक से अधिक जागारूकता फैलने के लिए स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया।

स्वास्थ्य विभाग रूद्रप्रयाग से डॉ0 साकिब हुसैन द्वारा एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूकता एवं रोकथाम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम समन्वयक एन0टी0ई0पी0 श्रीमान् मुकेश बगवाड़ी द्वारा एड्स के लक्षण और बचाव के विषय में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एड्स जागरूकता एवं रोकथाम विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ0 बीरेन्द्र प्रसाद एवं डॉ0 संदीप शर्मा द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गणेश गोस्वामी बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रीतम बी0कॉम0 तृतीय सेमेस्टर व सांत्वना पुरस्कार सृष्टि बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ0 दलीप सिंह विष्ट द्वारा नशीली दवाइयों को संक्रमित इंजेक्शन के माध्यम से लेने पर भी एड्स जैसे घातक बीमारी में वृद्धि होती है। अतः एड्स से बचाव के लिए ड्रग्स आदि नशीले द्रव्य से दूर रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने उत्तराखण्ड में एचआईवी/एड्स की होती बृद्धि के विषय मे जागरूकता करते हुए कहा कि एड्स जैसी बीमारी से बचाव करने का प्रमुख उपाय जागरूकता ही है।

कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 लक्ष्मी दत्त गार्ग्य, डॉ0 नवीन चन्द्र खण्डूड़ी, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 कनिका बड़वाल, स्वास्थ्य विभाग टीम के सदस्य श्री सतीश नौटियाल, एनटीईपी सते सिंह रावत, छात्र संघ अध्यक्ष नितिन नेगी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव भट्ट एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

Scanned with OKEN Scanner









## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

[illegible]

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय शिविर दि0 19/12/2023

Scanned with OKEN Scanner

# एक दिवसीय शिविर दिनांक 19 दिसम्बर 2023

आज दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 को स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सीताराम नैथानी के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के प्रांगण और खेल के मैदान की साफ–सफाई की गई। इसके पश्चात् स्वयंसेवियों के द्वारा मंदाकिनी नदी के तट पर साफ–सफाई की गई व सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करके स्वयंसेवियों ने वृहद स्तर पर गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसके पश्चात् गंगा स्पर्श दिवस के अवसर पर मां गंगा का स्मरण करते हुए महाविद्यालय परिवार ने मंदाकिनी नदी में पुष्प समर्पित कर दीपदान किया। राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 कनिका बड़वाल द्वारा स्वयंसेवियों को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों की सफाई के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट, डॉ0 संदीप शर्मा, श्रीमती शर्मिला देवी एंव स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner







# राजनीति विज्ञान, एनएसएस एवं एंटी ड्रग सेल द्वारा वीर बाल दिवस पर सयुक्त रूप से किया गया एक कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



**रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आज राजनीति विज्ञान, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एंटी ड्रग सेल द्वारा वीर बाल दिवस पर संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ दलीप सिंह बिष्ट विभाग प्रभारी राजनीति विज्ञान एवं नोडल अधिकारी एंटी ड्रग सेल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें वीर बालकों को याद करना चाहिए जिन्होंने अल्प आयु में ही देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व ही न्यौछावर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि हम हमेशा अपने अधिकारों, समाज ने हमें क्या दिया इसका ही रोना रोते है कभी हम अपने कर्तव्यों और समाज को हमने क्या दिया इसका जिक्र तक नहीं करते है। हम प्रतिज्ञा ले कि हम एक बुद्धिजीवी प्राणी होने के नाते समाज को कुछ अर्पित करने की ठाने चाहिए एक पेड़ ही क्यों न लगाएं। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि अपने जीवन में चाहे एक ही पेड़ लगाए पर आवश्यक रूप से लगाएं जिससे जिस प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया उसके लिए वह पेड़ काम आए। इस अवसर पर डॉ राजेश कुमार, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने कहा कि हमें समाज और देश के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना **वीर बाल दिवस** दि0 26 / 12 / 2023

Scanned with OKEN Scanner

# 'वीर बाल दिवस' दिनांक 26 दिसम्बर 2023

आज दिनांक 26 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति विज्ञान विभाग एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट विभाग प्रभारी राजनीति विज्ञान व नोडल अधिकारी एंटी ड्रग सेल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें गुरूगोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादे फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत में मनाया जाता है। जिन्होनें देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हम हमेशा अपने अधिकारों की बात करते हैं। इसका हम कभी जिक्र नहीं करते हैं अतः हम एक बुद्धिजीवी प्राणी होने के नाते हमें समाज के बारे में भी सोचना चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा कहा गया कि हमें समाज और देश के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि यह लोगों को अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति जागरूक बनाता है।

Scanned with OKEN Scanner






## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'युवा संवाद कार्यक्रम' के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत 2047 कार्यक्रम किया गया आयोजित



कुमाऊं वाणी संजय राजपूत

रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि के प्राचार्य डॉ. दलीप सिंह बिष्ट के निर्देशन में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'युवा संवाद कार्यक्रम' के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत 2047 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती शैला रानी रावत माननीय विधायक केदारनाथ विधानसभा के प्रतिनिधि श्री अनूप सेमवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह बिष्ट एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात कु. पल्लवी एवं ग्रुप के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनूप सेमवाल जी ने युवाओं से संवाद करने के साथ साथ मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वयं सेवियों को भी विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए योगदान देना होगा। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत के लिए प्रत्येक भारतीय को अपना योगदान देना होगा। तभी हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलीप सिंह बिष्ट ने कहा की विकसित भारत की संकल्पना के लिए हमें महाविद्यालय स्तर पर अपना योगदान देना होगा। विकसित भारत के सपने को साकार करना किसी व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में 'मोदी @20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर चर्चा की। और उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे कि प्रधानमंत्री मोदी जी अपने 'आईडिया ऑफ इंडिया' को कैसे आकार दे रहे हैं इन्हीं सवालों का जवाब यह किताब 'मोदी @20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' दे रही है। तत्पश्चात अध्यक्ष श्री नितिन नेगी ने सभी अतिथियों का स्वागत के साथ साथ अपना उद्बोधन भी दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने 'मोदी @20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर विस्तृत चर्चा की। 'युवा भारत स्वस्थ भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान अनुराग सिंह बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान विवेक बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान वर्षा ... बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ... नेगी बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान ... बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान ... प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

'विकसित भारत हेतु मतदाता जागरूकता अभियान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान ... नेगी बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान ... बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान ... बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सांस्कृतिक ... सिंह, सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ... सहायक प्राध्यापक ... के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ... अध्यक्ष, ... सचिव, ... तथा अन्य छात्रगण के साथ साथ श्री ... कुमार, श्री मुकेश कुमार, ... नितिन, ... श्रीमती ... देवी, ... देवी, श्री ... कुमार और ... एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना **युवा संवाद कार्यक्रम** मेरे सपनों का भारत 2047 दि0 20/01/2024

Scanned with OKEN Scanner

# "युवा संवाद कार्यक्रम" के अन्तर्गत मेरे सपनों का भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 20 जनवरी 2024 को प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'युवा संवाद कार्यक्रम' के अन्तर्गत मेरे सपनों का भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती शैला रानी रावत माननीय विधायक के प्रतिनिधि श्री अनूप सेमवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात् कु0 पल्लवी एवं ग्रुप के द्वारा सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनूप सेमवाल जी ने युवाओं से संवाद करने के साथ–साथ मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वयंसेवियों को भी विकसित भारत के सपनें को साकार करने के लिए योगदान देना होगा। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि विकसित भारत के लिए प्रत्येक भारतीय को अपना योगदान देना होगा, तभी हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना के लिए हमें महाविद्यालय स्तर पर अपना योगदान देना होगा। विकसित भारत के सपने को साकार करना किसी व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्राचार्य ने अपने उद्‌बोधन में 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने 'आइडिया ऑफ इंडिया' को कैसे आकार दे रहे हैं इन्हीं सवालों का जवाब नई किताब 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' दे रही है। छात्रसंघ अध्यक्ष श्री नितिन नेगी ने सभी अतिथियों का स्वागत के साथ अपना उद्‌बोधन भी दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने ' मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर विस्तृत चर्चा की। तत्पश्चात् 'युवा भारत सशक्त भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान अनुराग सिंह बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान कु0 सिमरन बी0 एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान गणेश गोस्वामी बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में खुशी नेगी बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान दीक्षा बी0ए0 तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान प्रशांत बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

'दिव्यांग जनों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान सृष्टि नेगी बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान हरीश पंवार बी0ए0 तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान तानिया बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की समारोहक डॉ0 मनीषा सिंह असि0प्रो0 संस्कृत ने किया तथा अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 शशि बाला रावत सहायक प्राध्यापिका हिन्दी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खुशी नेगी छात्रसंघ उपाध्यक्ष, श्री प्रकाश चौहान कोषाध्यक्ष छात्रसंघ, कु0 अमिता नेगी सह सचिव छात्रसंघ के साथ–साथ श्री संदीप

Scanned with OKEN Scanner

कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री विपिन, श्री मोहन लाल भारती, श्रीमती शर्मिला देवी श्रीमती गीता देवी, श्री कुलदीप कुमार श्री ताहिर एवं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner













राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना गणतन्त्र दिवस एक दिवसीय शिविर दि0 26/01/2024

Scanned with OKEN Scanner

# एक दिवसीय शिविर दिनांक 26 जनवरी 2024

आज दिनांक 26 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में 75वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 09:30 बजे प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट ने ध्वजारोहण कर किया गया। इसके उपरान्त महाविद्यालय की समारोहक डॉ0 मनीषा सिंह ने निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड के संदेश को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात् प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। और कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए हमें संविधान के आदर्शों समता, न्याय बन्धुत्व को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्र के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना का होना आवश्यक है। हमें समर्पण भाव से देश की विकास में योगदान देना चाहिए। यही सच्ची देश सेवा है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती बंदना से हुआ। तनिष्का एवं ग्रुप द्वारा नाटी नृत्य प्रस्तुत किया गया। शैलजा नेगी, अनुराग, सिमरन ने भाषण में भाग लिया। गणेश गोस्वामी, शैलजा नेगी, तनिष्का साइना ने देश भक्ति गीत का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 तनुजा मौर्य कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया इस अवसर पर स्वयंसेवी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ दि0 28/2/2024


















राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ दि0 28/02/2024











**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात) का शुभारम्भ दि0 28/02/2024**

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) का शुभारम्भ

## प्रथम दिवस दिनांक 28.02.2024

आज दिनांक 28 फरवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पुराने बालिका छात्रावास में सात दिवसीय विशेष कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर थाना अगस्त्यमुनि से सब इंस्पेक्टर वंदना अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात् उनके द्वारा स्वयंसेवियों को साइबर काइम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट द्वारा स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दी गई। इसके पश्चात् वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा आगामी सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा उनके द्वारा स्वंयसेवकों को पूर्ण अनुशासित रहकर इस सात दिवसीय शिविर में उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में प्रतिभाग करने का आहवान किया। छात्रसंघ अध्यक्ष श्री नितिन नेगी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर से प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए अभिप्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 लक्ष्मी दत्त गार्ग्य ने कहा कि स्वयंसेवकों में ईमानदारी,सत्यनिष्ठा तथा सम्मान जैसे नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है।

अपराहन के द्वितीय सत्र में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ0 संदीप शर्मा जी ने 'प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छी योजना, रणनीति व अनुशासन का होना आवश्यक है। छात्रों को जितना हो सके सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गान के द्वारा आज के बौद्धिक सत्र का समापन हुआ।

इस अवसर पर डॉ0 सीताराम नैथानी, डॉ0 निधि छाबड़ा, डॉ0 जितेन्द्र सिंह, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेला, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 कनिका बड़वाल, डॉ0 शशिबाला रावत, डॉ0 सन्दीप शर्मा, श्रीमती शर्मिला देवी, श्रीमती गीता देवी, श्री किशन नेगी व 53 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) द्वितीय दिवस

## दिनांक 29.02.2024

सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभांरभ प्रातः ईश बन्दना, राष्ट्रगान एवं व्यायाम के साथ हुआ। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल व वाणिज्य संकाय के सामने झाड़ी उन्मूलन कार्य किया गया।

तत्पश्चात् 'अमर उजाला' अपराजिता अभियान के तहत वरिष्ठ पत्रकार विनय बहुगुणा जी ने अपराजिता कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा मतदान के महत्व पर स्वयंसेवकों के साथ चर्चा–परिचर्चा की। 'अमर उजाला' के पत्रकार श्री अनुसूया प्रसाद मलासी द्वारा वोट के महत्व पर बल दिया। कहा कि एक वोट देश की दशा व दिशा बदल सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

अपराहन के बौद्धिक सत्र में अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 विष्णु कुमार शर्मा ने शिविर के माध्यम से अच्छे, विचारों की आत्मसात करने के लिए स्वयंसेविकों को प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात् वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा 'समान नागरिक संहिता' पर स्वयंसेविकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य, डॉ0 विष्ण्ु कुमार शर्मा, डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेला, डॉ0 कनिका बड़वाल, डॉ0 संदीप शर्मा, डॉ0 ममता भट्ट, शैलजा नेगी सहित अन्य स्वंयसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner












राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर द्वितीय दिवस दि0 29/02/2024

Scanned with OKEN Scanner












राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस दि0 01/03/2024

Scanned with OKEN Scanner

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) तृतीय दिवस दिनांक 01.03.2024

तृतीय दिवस–पुराना बालिका छात्रावास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय(दिन–रात) के तृतीय दिवस की शुरूआत ईश बन्दना, राष्ट्रगान एवं व्यायाम इत्यादि गतिविधियों के साथ हुई। इसके पश्चात् सभी स्वयंसेवियों ने कॉलेज भवन के नीचे मंदाकिनी के तट पर प्लास्टिक कूड़े को इकट्ठा किया गया व झाड़ियों को काटा गया। तत्पश्चात् वीरांगना संगठन की अध्यक्षा श्रीमती माधुरी नेगी द्वारा बच्चों को 'महिला सशक्तिकरण ' के बारे में जानकारी दी। और कहा कि प्रत्येक महिला का शिक्षित होना आवश्यक है जिससे समाज का विकास हो सके। ए0टी0इंडिया उखीमठ महासंघ से रोशनी नेगी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रत्येक बालिका को एक मंच प्रदान करता है जहां पर वह अपना व्यक्तित्व निखार सकती हैं।

इस अवसर पर एन0एस0एस0 के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा किया गया।

अपराहन के बाद बौद्धिक सत्र में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 कनिका बड़वाल द्वारा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजन किया साथ ही गांवों को डिजिटल मार्केट से कैसे जोड़ा जाता है के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 सीता राम नैथानी, डॉ0 सुखपाल सिहं रौतेला, डॉ0 दीपक पटेल, डॉ0 सन्दीप शर्मा, छात्र संघ अध्यक्ष नितिन नेगी, श्रीमती शर्मिला देवी, श्री किशन नेगी इत्यादि कर्मचारी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे। अंत में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत के सामूहिक गान द्वारा आज के बौद्धिक सत्र का समापन हुआ।

Scanned with OKEN Scanner













राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर चतुर्थ दिवस दिनांक 02 /03/ 2024

Scanned with OKEN Scanner

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) चतुर्थ दिवस
## दिनांक 02.03.2024

आज सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ प्रातः ईश बन्दना, राष्ट्रगान एवं व्यायाम के साथ हुई। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल के आस–पास के जवाहरनगर क्षेत्र में वृहद स्तर पर "प्लास्टिक उन्मूलन अभियान" चलाकर स्थानीय जनता से प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अपराहन के बौद्धिक सत्र में डिजिटल भारत विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में नेहरू युवा केन्द्र रूद्रप्रयाग से विजय वशिष्ठ द्वारा **mybharat** पोर्टल में पंजीकरण व पोर्टल पर कौन–कौन सी जानकारी होती है इसकी विस्तृत जानकारी दी। डिजिटलीकरण के क्या लाभ हैं? इससे गरीबी मिटाने में कैसे लाभ उठाया जा सकता है। इसकी विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात् रसायन विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 चन्द्रकला नेगी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, सम्मिलित प्रवेश परीक्षा, फार्मेसी इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया साथ ही स्वयं के विद्यार्थी जीवन से जुड़े अनुभव को साझा करके स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य, डॉ0 लक्ष्मीदत्त गार्ग्य, डॉ0 शिव प्रसाद पुरोहित, डॉ0 पूनम भूषण , डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेला, डॉ0 सन्दीप शर्मा, श्रीमती शर्मिला देवी, श्रीमती गीता पंवार, श्री किशन नेगी इत्यादि कर्मचारी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

अन्त में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गान के द्वारा आज के बौद्धिक सत्र का समापन हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

















राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिवस दि0 03/03/2024

Scanned with OKEN Scanner

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) पंचम् दिवस दिनांक 03.03.2024

आज दिनांक 03 मार्च 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस का आरम्भ प्रातः ईश–बन्दना एवं राष्ट्रगान के द्वारा हुआ। इसके पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा स्वयंसेवकों को प्राणायाम कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के दर्शन के बारे में कहा कि गांवों और मलिन बस्तियों के सम्पर्क से ही जीवन की वास्तविकता का पता चलता है। जो हमारा समुदाय के प्रति सही समझ विकसित करने में सहायता प्रदान करता है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से सृजनात्मक व रचनात्मक कार्यों में सलग्न रहते हुए सदैव राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया।

अपराहन के बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ0 नन्द लाल जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समर्पण की भावना रखते हुए "स्वयं से पहले आप" का भाव रखना चाहिए साथ ही गांवों के लोगों को साक्षर करने में प्रत्येक स्वयंसेवकों को सहायता करनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेला द्वारा अच्छे कम्यूनिकेशन स्किल्स के बार`में कहा कि सबसे पहले हमें अपनी झिझक को मिटाना होगा और अपनी बात को प्रभावी ढ़ग से दूसरों तक पहुंचाना होगा जिसमें हमारी शारीरिक भाषा, हावभाव, आवाज के बीच सही तालमेल होना चाहिए। डॉ0 सन्दीप शर्मा ने याददाश्त बढ़ाने के लिए हमें बार–बार पढ़ना चाहिए तथा कविता, गीत, पहेली की तरह याद करने से हमारी मानसिक शान्ति में वृद्धि होती है। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल से जवाहरनगर, गंगानगर, तक मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से स्थानीय जनता को अधिक से अधिक मतदान करने का आहवान किया।

इस अवसर पर डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेंला, डॉ0 कनिका बड़वाल, श्री जयवर्द्धन चौहान, श्री दीपक सेमवाल इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के सामूहिक गान के द्वारा आज के बौद्धिक सत्र का समाप्पन हुआ।

Scanned with OKEN Scanner














राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर षष्ठम् दिवस दि0 04/03/2024

Scanned with OKEN Scanner

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) षष्टम् दिवस दिनांक 04.03.2024

सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस में प्रातः कालीन प्रार्थना, राष्ट्रगान, व्यायाम इत्यादि गतिविधियों के पश्चात् स्वयंसेवकों ने जवाहरनगर के विभिन्न मार्गों में स्वच्छता कार्य दिया। उसके पश्चात् छात्रावास के पीछे झाड़ी उन्मूलन का कार्य किया गया।

अपराहन के बौद्धिक सत्र में गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ0 वीरेन्द्र प्रसाद ने स्वयंसेवकों को कैरियर से उपर जीवन को रखने की बात की उन्होनें बताया कि यदि हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो हम अपने उद्देश्यों की प्राप्ति सही समय पर कर सकते हैं। अध्ययन में एकाग्रता के लिए मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग पर बल दिया साथ ही ध्यान करने की विधियों को बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य, डॉ0 कनिका बड़वाल, डॉ0 संदीप शर्मा, श्रीमती शर्मिला देवी, श्रीमती गीता पंवार, श्री किशन नेगी एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे। इस बौद्धिक सत्र के अन्त में स्वयंसेवकों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई एवं शिविर के अन्तर्गत अपने अनुभव भी साझा किए गये।

Scanned with OKEN Scanner















राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन, दिनांक 05/03/2024

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) समापन दिवस
## दिनांक 05.03.2024

आज दिनांक 05 मार्च 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ0 दलीप सिंह बिष्ट जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से हुआ। तत्पश्चात् सरस्वती बंदना और स्वागत गीत गया गया।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 राजेश कुमार ने सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इसके पश्चात् प्राचार्य महोदय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि स्वयंसेवकों को राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। विशेष शिविर में अपना पूर्ण योगदान देने के लिए उन्होनें स्वंयसेवियों को शुभकामनाएं दी। नेहरू युवा केन्द्र रूद्रप्रयाग के श्री विजय वशिष्ठ ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इसके पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। रानी एवं समूह द्वारा गढ़वाली लोक नृत्य, आशा चमोला द्वारा पलायन पर गढ़वाली कविता तथा स्नेहा बहुगुणा द्वारा उड़िया गीत गाया गया। विकास पुरोहित द्वारा सात दिवसीय शिविर से जुड़े अपने अनुभवों को साझाा किया। अनुज नेगी एवं समूह द्वारा शानदार नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन स्वंयसेवी शैलजा नेगी व गणेश गोस्वामी द्वारा किया गया।

इसके पश्चात् सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक(छात्र) के रूप में गणेश गोस्वामी को तथा सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक(छात्रा) के रूप में शैलजा नेगी को सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में पीयूष बुटोला, साक्षी व शिवानी बर्त्वाल को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 तनुजा मौर्य द्वारा स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अन्त में वरिष्ठ कार्यक्रम डॉ0 राजेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 एल0डी0 गार्ग्य, डॉ0 पूनम भूषण, डॉ0 निधि छाबड़ा, डॉ0 जितेन्द्र सिंह, डॉ0 अनुज चौधरी, डॉ0 ममता भट्ट, डॉ0 दीप्ति राणा, डॉ0 चन्द्रकला नेगी, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 कनिका बड़वाल, डॉ0 सुखपाल सिंह रौतेला, डॉ0 शशिबाला पंवार, डॉ0 दुर्गेश नौटियाल, श्री संदीप शर्मा, श्री जयवर्द्धन सिंह, श्री दीपक सेमवाल, श्रीमती शर्मिला देवी, श्रीमती गीता देवी, श्री किशन नेगी, छात्र संघ अध्यक्ष नितिन नेगी व अन्य पदाधिकारी एवं 53 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Tanuja Maurya

(डॉ0 दलीप सिंह)
प्राचार्य
अ0प्र0ब0 राज0 स्ना0 महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

Scanned with OKEN Scanner

Date 18/7/23
Page No 19/7/23

# "हरेला पर्व"

उत्तराखण्ड के लोकपर्व "हरेला" के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के रोवर-रेंजर द्वारा वृक्षारोपण तथा महाविद्यालय परिसर में सफाई, पौधों का संरक्षण किया गया, फलदार वृक्ष जैसे जामुन, आँवला, अमरूद, नींबू, आम वन विभाग द्वारा उपलब्ध किये गये, इस अवसर पर दिनांक 18/07/23 को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक के साथ यह कार्यक्रम मनाया गया,

दिनांक 19/07/23 को रोवर-रेंजर द्वारा भविष्य पर आज के पर्यावरण प्रदूषण के कारण पड़ने वाले संकट पर नाटक प्रस्तुत किया गया, भविष्य में 2050 तक बहुत समस्या का सामना करना पड़ सकता है जैसे oxygen की कमी, शुद्ध जल की कमी आदि पर चर्चा की गयी, अगर हम आज पर्यावरण को बचायेंगे तभी भविष्य में हम बच पाएंगे। इस नाटक के उपरान्त वन विभाग से आये रेंजर्स / ऑफिसर के साथ वृक्षारोपण किया गया। नाटक में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे, उक्त नाटक में प्रतिभाग करने वाले रोवर-रेंजर के नाम दिया, मधु, सानिया, साइना, साक्षी, अनामिका, मिनाक्षी, अनुसका, मोनिका

प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

19/7/23
चन्द्रकला नेगी
(रेंजर प्रभारी)

डॉ अखिलेश्वर द्विवेदी
(रोवर प्रभारी)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

















Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Page No.

# "कृमि मुक्त दिवस"

आज दिनांक 22.08.2023 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर रोवर-रेंजर द्वारा अलग-अलग ग्रुप बनाकर आँगनवाड़ी केंद्र, स्कूलों में बच्चों को ~~कृ~~ कृमि मुक्ति / निवारण दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने में सहयोग किया गया।

रेंजर दिया भट्ट, साइना रावत एवं अनुष्का सेमवाल द्वारा आँगनवाड़ी केंद्र बनियाड़ी एवं महाविद्यालय, पल्लवी, मीनाक्षी और अनामिका ने आंगनवाड़ी केंद्र नाकोट व आरती ने आंगनवाड़ी केंद्र ऊखीमठ, साक्षी ने प्राथमिक विद्यालय सिल्ला, धर्मेंद्र सिंह व अंकित सिंह रावत ने गौरी मेमोरियल पब्लिक स्कूल विजयनगर में एल्बेंडाजोल वितरण और खिलाने में सहयोग प्रदान किया। उक्त जन जागरूकता अभियान के माध्यम से रोवर-रेंजर ने निकटवर्ती क्षेत्रों को कृमि निवारण के लिए जागरूक किया।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

डॉ. अखिलेश्वर द्विवेदी
(रोवर लीडर)

चन्द्रकला नेगी
(रेंजर लीडर)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




















Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner
















Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date 17.09.23
Page No.

17/09/23

# "रक्तदान शिविर"

दिनांक 17.09.2023 को महाविद्यालय के रोवर रेंजर द्वारा रक्तकोष जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग की टीम (डॉ मनीष कुमार, श्री पंकज वर्मा एवं श्री उपेंद्र जगवाण के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 35 रोवर रेंजर उपस्थित रहे। दो रेंजर साइना रावत एवं सानिया द्वारा रक्तदान किया गया तथा सभी रोवर रेंजर द्वारा भविष्य में रक्तदान करने के लिए e-रक्तकोष में पंजीकरण किया गया, तथा रक्त समूह की जाँच की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरुणा बेंजवाल जी द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान की महत्व और 'आयुष्मान भव: पखवाड़ा' की जानकारी दी एवं स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई। प्राचार्य डॉ सीताराम नैथानी जी ने रक्तदाता रजिस्ट्रेशन लिंक के विषय में जानकारी दी और सभी को प्रोत्साहित किया, रोवर-रेंजर प्रभारी द्वारा सभी के रक्तसमूह का रिकॉर्ड रखा गया।

प्रतिहस्ताक्षरित
17/9/2023
प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

डॉ. अखिलेश्वर द्विवेदी
(रोवर लीडर)

चन्द्रकला नेगी
(रेंजर लीडर)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Blood donation-camp












Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

## "e- रक्तकोष में पंजीकृत रोवर- रेंजर की सूची"

Date 17.09.23

| S.No | Name | Father's Name | Class | Blood Group |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Monika | Mr. Buddhi Dev | B.A II | O+ |
| 2 | Saina | Mr. Bhagat Singh Rawat | B.A II Year | AB+ |
| 3 | Anushka | Mr. D.P. Semwal | BSc. II Sem | A+ |
| 4 | Soniya | Mr. Shaukeen | BSc. II Sem | O+ |
| 5 | Meenakshi | Mr. Mukesh Nautiyal | BSc II Yr | A+ |
| 6 | Nikita | Mr. Chandi Prasad | BSc. II Sem | B+ |
| 7 | Dipti | Mr. Abbal Singh Rana | BSc. II Sem | A+ |
| 8 | Shivani Rana | Mr. Sate Singh Rana | " | B- |
| 9 | Nisha | Mr. Kunwar Singh | " | AB+ |
| 10 | Babli | Mr. Avtar Singh | BSc. II Sem | AB+ |
| 11 | Arju | Mr. Anand Singh | BCom. I Sem | O+ |
| 12 | Kashish | Mr. Suresh Ram | B.Com I Sem | A+ |
| 13 | Pratibha | Mr. Pradeep Singh | BA. I Sem | B+ |
| 14 | Shivani Negi | Mr. Raghuveer Singh | B.Com. I | B+ |
| 15 | Ashita | Mr. Parshu ram. | BSc. I Sem | A+ |
| 16 | Raveena | Mr. Shiv Singh | BSc. I Sem | O+ |
| 17 | Kalpana | Mr. Dilber Singh | BSc. I Sem | AB+ |
| 18 | Sakshi | Mr. Ram. lal | BSc. II Yr | O+ |
| 19 | Divya | Mr. Sanjeev Kumar | BSc. II Sem | B+ |
| 20 | Siddhi Semwal | Mr. Mahesha Nand | BSc. II Sem | B+ |
| 21 | Chandani Kuniyal | Mr. Roshan lal | BA. I Sem | A+ |
| 22 | Sakshi Negi | Mr. Dheerendra Singh | B.A. I Sem | O+ |
| 23 | Pallavi | Mr. Basudev Singh | B.Com. II Year | AB+ |
| 24 | Dharmendra Singh | Mr. Vijay Singh | BSc. III yr | O+ |
| 25 | Avinash Kumar | Mr. Jagdish lal | BSc. II Sem | B+ |
| 25 | Suraj Kumar | Mr. Rajendra lal | " | O+ |
| 26 | Ankit | Mr. Beeru lal | " | A- |
| 27 | Robin | Mr. Mahendra Singh | " | B+ |
| 28 | Mahendra Singh | Mr. Jaipal Singh | " | AB+ |
| 29 | Vivek | Mr. Chandra Mohan | B.A. I Year | O+ |

## "e- रक्तकोष में पंजीकृत रोवर रेंजर की सूची"

| S.No | Name | Father's Name | Class | Blood Group |
|---|---|---|---|---|
| 30 | Manjeet Singh | Mr Govind Singh | BSc. I Sem. | B+ |
| 31 | Sahil Singh | Mr. Manoj Singh | B.A I Sem. | O+ |
| 32 | Prince Rana | Mr. Hanumant Singh | " | B+ |
| 33 | Aakriti | Mr. Sanjay Maithani | BSc. I Sem | O- |
| 34 | Ashish Mohan | Mr. Jaspal lal | B.A. I Sem. | A+ |
| 35 | Snehal Rana | Mr. Bikram Singh | BSc. I Sem | O+ |

प्रतिहस्ताक्षरित
17/09/2023
प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

डॉ. अखिलेश्वर कुमार द्विवेदी
(रोवर लीडर)

चन्द्रकला नेगी
(रेंजर लीडर)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date 03/10/23
Page No.

# "गांधी जयंती"

गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के रोवर-रेंजर इकाई द्वारा स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं जल संरक्षण जागरुकता अभियान चलाया गया, उक्त अभियान में रोवर-रेंजर की अलग-अलग टोली बनाई गयी और गाँवों में तथा महाविद्यालय में कार्य किया गया। यह अभियान 28.9.23 से 02.10.23 तक लगातार अलग-अलग स्थानों में चलाया गया। छात्रों द्वारा क्षेत्रीय लोगों को नशा मुक्ति के उपाय और फायदे बताये गये, बैनर-पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बोतल पॉलीथीन, शीशे, रैपर आदि एकत्रिक कर नगर पंचायत को सौंपा गया। उक्त अभियान में रोवर-रेंजर ने बढ़-चढ़कर कार्य किया। प्राचार्य महोदय एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा सभी का मनोबल बढ़ाया गया एवं कार्य की प्रशंसा की। इस अभियान में निम्न रोवर-रेंजर ने प्रतिभाग किया :- आरती, दिया, अनामिका, सानिया, साइना, सानिया, शिवानी, मोनिका, अनुष्का, मोनिका, मिनाक्षी, दीक्षा, दीव्या, बबली, घमेन्द्र, रोबिन, सूरज, अंकित, अविनाश, विवेक, आयुष आदि द्वारा कार्य किया गया।

[signature]
प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

[signature]
डॉ अखिलेश्वर द्विवेदी
(रोवर प्रभारी)

[signature]
चन्द्रकला नेगी
(रेंजर प्रभारी)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner






















Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

Date 01/12/25

# "6th World Congress on Disaster Management"

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में 6th World Congress on Disaster Management के अवसर पर जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग के संयुक्त तत्वाधान में "आपदा प्रबन्धन ; खोज - बचाव प्रबन्धन एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस 29/11/25 को कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इस अवसर पर केदारनाथ क्षेत्र की विधायक श्रीमति शैलारानी रावत ने रोवर-रेंजर एवं टीम का मनोबल बढ़ाया और कार्य के लिए शुभकामना दी, आपदा प्रबंधन टीम, SDRF और DDRF की टीम ने बच्चों को FIRST AID के बारे में जानकारी दी और प्रेक्टिकल करवाया। इस अवसर पर गुप्तकाशी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी॰एस॰ जगवाण भी उपस्थित रहे और क्षेत्र के हित में कार्य करने और इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस में रेपलिंग के बारे में बताया। इस से संबंधित व्याख्यान और गाँठों को भी सिखाया गया; इसके बाद P.G ब्लाक की छत से रस्सी के माध्यम से नीचे उतरने का डेमो दिया गया। SDRF और DDRF की टीम की सहायता से लगभग 20 छात्र-छात्राऐं और 5 प्राध्यापकों रेपलिंग के माध्यम से P.G Block की छत से नीचे उतरे। कार्यशाला के तृतीय दिवस में T.T Base करवाया गया, महाविद्यालय परिसर में ही SDRF और DDRF की टीम एवं आपदा प्रबंधन टीम द्वारा T.T Base के लिए रस्सी से सेटअप बनाया गया। ट्रेनर प्रदीप सिंह, DDRF मास्टर ट्रेनर सीमा परमार और टीम द्वारा रोवर-रेंजर्स और महाविद्यालय के अन्य छात्रों को रिवर क्रॉसिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में सभी प्रतिभागियों की तीन दिन के व्याख्यानों और प्रशिक्षण का क्विज प्रतियोगिता हुई।

'आपदा राहत बचाव जन जागरूकता' पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सानिया B.Sc. III, द्वतीय स्थान साइना B.A III वर्ष, तथा तृतीय स्थान अनामिका B.Sc. III वर्ष रही। प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन में रोवर-रेंजर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किये तथा विजित प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीताराम नैथानी जी ने DDRF और SDRF की टीम को धन्यवाद दिया।

[signature]

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

[signature]
डॉ अखिलेश्वर द्विवेदी
(रोवर लीडर)

[signature] चन्द्रकला नेगी
(रेंजर लीडर)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner


Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Date 20. 4. 24
Page No.

# "मतदाता जागरूकता अभियान"

सत्र 2023-24 में ~~आज~~ महाविद्यालय के रोवर-रेंजर द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन में मतदान हेतु जन-जन को जागरूक किया, अपने मतदान अधिकार का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया, हस्तपट्टिका, नारे, गीत, पोस्टर के माध्यम से अपने गाँव व आसपास के क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया, महाविद्यालय में मतदान शपथ प्राचार्य द्वारा दिलाई गई तथा लोगों को इस शपथ और अधिकार के बारे में रोवर रेंजर द्वारा जागरूक किया गया, जनपद स्तर पर ज़िला अधिकारी द्वारा रोवर रेंजर्स को स्वयंसेवी (Volunteers) के रूप में दायित्व दिये गये तथा सभी ने अपने क्षेत्र में मतदान और निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान दिया।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग

डॉ. अखिलेश्वर कुमार द्विवेदी
(रोवर लीडर)

डॉ. चन्द्रकला नेगी
(रेंजर लीडर)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner
















Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner
















Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner













Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner















Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

Date 05/06/24
Page No.

# "विश्व पर्यावरण दिवस"

सत्र 2023-24 में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के रोवर-रेंजर द्वारा अपने गाँव, क्षेत्र और महाविद्यालय मे पौधारोपण किया गया तथा महाविद्यालय में लगे हुए पौधों के संरक्षण हेतु ट्री गार्ड लगाये। साथ ही महाविद्यालय प्रांगण मे साफ-सफाई की गयी।

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग

डॉ॰ अखिलेश्वर कुमार द्विवेदी
रोवर लीडर

डॉ॰ चन्द्रकला नेगी
रेंजर लीडर

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner











Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner













Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner